# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

NAAC A++

पत्रांक :– सम्बद्धता/2162
दिनांक :– 13/08/2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

अध्यक्ष,
साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद्,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विषय : दिनांक 14 अगस्त 2025 को "विभाजन विभीषिका स्मृति" दिवस मनाये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्रांक: 2121/सत्तर–3–2025–19958441 दिनांक: 13 अगस्त 2025, के द्वारा दिनांक 14 अगस्त 2025 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम को एक वृहद रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में निर्देश प्रदान किये गये हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि संलग्न पत्रों में उल्लिखित दिशा निर्देशों के क्रम में दिनांक 14 अगस्त 2025 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम को एक वृहद रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्न यथोपरि।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :
(1) वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
(2) वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
(3) विश्वविद्यालय अभियंता एवं विद्युत अभियंता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
(4) प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।

कुलसचिव

**महत्वपूर्ण/समयबद्ध**
**संख्या-2121/सत्तर-3-2025-1958441**

प्रेषक,

**प्रेम कुमार पाण्डेय,**
संयुक्त सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ०प्र०,
प्रयागराज।

2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

3. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी**, उ0प्र0।

4. **विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी**, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

**उच्च शिक्षा अनुभाग-3** **लखनऊः दिनांक 13 अगस्त, 2025**

**विषयः दिनांक 14 अगस्त, 2025 को "विभाजन विभीषिका स्मृति" दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-278/2025/2325/चार-2025-1734364, दिनांक 06.08.2025 (छायाप्रति संलग्न), का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से यह अवगत कराया गया है कि गत वर्ष की भाँति अपनी मातृभूमि के उन परिवारों को नमन करते हुए जिन्हें भारत के विभाजन के दौर में अपने परिवारजन के प्राण न्यौछावर करने पड़े, ऐसे लोगों की स्मृति में दिनांक 14 अगस्त, 2025 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

2- उक्त संदर्भित पत्र में दिनांक 14.08.2025 को "**विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस**" के अवसर पर निम्न कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार देश के सभी जिलों में कार्यक्रम कराते हुए इसकी सूचना संस्कृति विभाग के लिंक https://culturalevent.in पर अपलोड कराने के निर्देश दिये गये हैं:-

- विभाजन विभीषिका के दौरान विस्थापित परिवारों के सदस्यों को आमंत्रित किया जाए एवं उनके साथ त्रासदी के दौरान प्राणोत्सर्ग करने वाले लोगों की याद में दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी जाए।
- प्रदेश में जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थलों पर बारिश की संभावना देखते हुए किसी बड़े सभागार में विभाजन विभीषिका से सम्बन्धित अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए, जिसमें तरकालिदेश कुना मिपीटी) घटनाक्रम के फोटो, अखबारों की कतरनें, साहित्य, राजकीय अभिलेख, विस्थापित परिवारों की संरक्षित सामग्री आदि का प्रदर्शन किया जाए।
- अभिलेख प्रदर्शनी सम्बन्धित सामग्री उ०प्र० राजकीय अभिलेखागार द्वारा सॉफ्ट कापी के माध्यम से समस्त जिलाधिकारिया का ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध करा दी जायेगी।

- उक्त स्थल पर विभाजन विभीषिका से प्रभावित विस्थापित परिवारों को भी प्रदर्शनी स्थल पर आने के लिए अनुरोध किया जाए, जिससे वे अपने परिवार पर बीते कष्टों को शेयर कर सकें।
- प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 'भारत-पाकिस्तान विभाजन विभीषिका से जुड़ी हुई फिल्मों /
- डॉक्यूमैन्ट्री का विद्यालयों/महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों में एवं प्रदर्शनी स्थल पर प्रदर्शन किया जाए। इन प्रदर्शनियों में बारी-बारी से विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों का भ्रमण कराया जाए एवं उन्हें इस ऐतिहासिक घटना के प्रति संवेदनशील व जागरुक किया जाए।
- स्थानीय प्रकाशकों/पुस्तक विक्रेताओं के सहयोग से सन 1947 में 'भारत-पाकिस्तान विभाजन विभीषिका' से जुड़ी हुई पुस्तकों की प्रदर्शनी लगायी जाए।
- उक्त कार्य में विभिन्न सामाजिक व गैर सरकारी संगठनों जैसे सिंधी काउन्सिल ऑफ इन्डिया उत्तर प्रदेश सिंधी सभा, उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी, सनातनी पंजाबी महासभा आदि का सहयोग भी लिया जाए।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए उसकी सूचना शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक-यथोक्त।**

Digitally signed by
PREM KUMAR PANDEY
Date: 13-08-2025
13:18:50

भवदीय,

**(प्रेम कुमार पाण्डेय)**
संयुक्त सचिव।

**संख्या एवं दिनांक तैदव।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

(1) निजी सचिव, मा0 मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
(2) निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
(3) कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
(4) निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
(5) निजी सचिव, सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
(6) निजी सचिव, समस्त विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
(7) समस्त संयुक्त सचिव/उप सचिव/अनु सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

**(प्रेम कुमार पाण्डेय)**
संयुक्त सचिव।

संख्या 2121 / सतर्क-3-2025

आजादी का अमृत महोत्सव

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

संख्या- 278 /2025 /2326 /चार-2025-1734364

प्रेषक,

एस.पी. गोयल,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

2784
संख्या....../VIPPSHED/2025
दिनांक 7/8/25

सेवा में,

1- समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

2- समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

3- समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभागः लखनऊःदिनांकः 06 अगस्त, 2025

विषयः- दिनांक 14 अगस्त, 2025 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाना।

महोदय,

गत वर्ष की भाँति अपनी मातृभूमि के उन परिवारों को नमन करते हुए जिन्हें भारत के विभाजन के दौर में अपने परिवारजन के प्राण न्यौछावर करने पड़े, ऐसे लोगों की स्मृति में दिनांक 14 अगस्त, 2025 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

2. देश का विभाजन किसी विभीषिका से कम नहीं था। भारत के लाखों लोगों ने बलिदान देकर आजादी प्राप्त की थी, ऐसे समय पर देश का दो टुकड़ों में बँट जाने का दर्द लाखों परिवारों में एक गहरे जख्म की तरह कर गया है। इसी समय बंगाल का भी विभाजन हुआ। इसमें बंगाल के पूर्वी हिस्से को भारत से अलग कर पूर्वी पाकिस्तान बना दिया गया था, जो कि सन् 1971 में बांग्लादेश के रूप में एक स्वतंत्र राष्ट्र बना। भारत के इस भौगोलिक बंटवारे ने देश के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक तथा मानसिक रूप से झकझोर दिया था। 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' हमें न सिर्फ भेद-भाव, वैमनस्य एवं दुर्भावना को खत्म करने की याद दिलाएगा, बल्कि इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानव सशक्तिकरण की प्रेरणा मिलेगी।

3. प्रदेश सरकार द्वारा गत वर्षों की भांति सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न आयोजनों / कार्यक्रमों के साथ दिनांक 14 अगस्त, 2025 को "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" के अवसर पर लखनऊ सहित प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में कराए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निम्नवत् है :-

- विभाजन विभीषिका के दौरान विस्थापित परिवारों के सदस्यों को आमंत्रित किया जाए एवं उनके साथ त्रासदी के दौरान प्राणोत्सर्ग करने वाले लोगों की याद में दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी जाए।
- प्रदेश में जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थलों पर बारिश की संभावना देखते हुए किसी बड़े सभागार में विभाजन विभीषिका से सम्बन्धित अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए, जिसमें तत्कालीन घटनाक्रम के फोटो, अखबारों की कतरनें, साहित्य, राजकीय अभिलेख, विस्थापित परिवारों की संरक्षित सामग्री आदि का प्रदर्शन किया जाए।

अभिलेख प्रदर्शनी सम्बन्धित सामग्री उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार द्वारा सॉफ्ट कापी के माध्यम से

सचिव

(एम0पी0 अग्रवाल)
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

66/S(AT)/25
VS(GKT)/S-3

अपर सचिव
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन
11.08

3932/VS/
JS/S-3
11.8.25

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

12.08.2025

समस्त जिलाधिकारियों को ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध करा दी जाएगी।

- उक्त स्थल पर विभाजन विभीषिका से प्रभावित विस्थापित परिवारों को भी प्रदर्शनी स्थल पर आने के लिए अनुरोध किया जाए, जिससे वे अपने परिवार पर बीते कष्टों को शेयर कर सकें।
- प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 'भारत-पाकिस्तान विभाजन विभीषिका' से जुड़ी हुई फिल्मों / डॉक्यूमैन्ट्री का विद्यालयों/महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों में एवं प्रदर्शनी स्थल पर प्रदर्शन किया जाए। इन प्रदर्शनियों में बारी-बारी से विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों का भ्रमण कराया जाए एवं उन्हें इस ऐतिहासिक घटना के प्रति संवेदनशील व जागरुक किया जाए।
- स्थानीय प्रकाशकों/पुस्तक विक्रेताओं के सहयोग से सन 1947 में 'भारत-पाकिस्तान विभाजन विभीषिका' से जुड़ी हुई पुस्तकों की प्रदर्शनी लगायी जाए।
- उक्त कार्य में विभिन्न सामाजिक व गैर सरकारी संगठनों जैसे सिंधी काउन्सिल ऑफ इन्डिया, उत्तर प्रदेश सिंधी सभा, उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी, सनातनी पंजाबी महासभा आदि का सहयोग भी लिया जाए।

अतएव उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम कराते हुए इसकी सूचना संस्कृति विभाग के लिंक https://culturalevent.in पर अपलोड करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Digitally signed by
SHASHI PRAKASH GOYAL
Date: 06-08-2025
18:52:58

( एस.पी. गोयल )
मुख्य सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव, गृह विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. निजी सचिव, मा0 उपमुख्यमंत्री/समस्त मंत्रीगण, उत्तर प्रदेश सरकार।
3. प्रमुख सचिव, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. प्रमुख सचिव, भाषा विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
7. गार्ड बुक।

आज्ञा से,

Digitally signed by
MUKESH KUMAR MESHRAM
Date: 06-[illegible]

( मुकेश कुमार मेश्राम )
प्रमुख सचिव।